आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 04.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष के शासन को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल पर भारी बतायां
- गृहमंत्री अमित शाह ने अत्यधिक बारिश की स्थिति को लेकर राजस्थान सहित पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दियां
- सहकारी समितियों के कामकाज को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए नया को–ऑपरेटिव कोड बनाया जाएगां
- सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों–ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की तत्काल ज़रूरत पर ज़ोर दियां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार के डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल पर भारी हैं आज खैरथल–तिजारा जिले के असलीमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम छोर के व्यक्ति की विकास में हिस्सेदारी सुनिश्चित करना हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू करने की सिर्फ घोषणा ही नहीं की है, बल्कि योजना के लिए तीन सौ करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान भी किया हैं

.............

मुख्यमंत्री ने पिछले राज्य सरकार पर बजरी माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगायां उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने विकास को नई दिशा देकर राजस्व बढ़ाने का काम किया हैं

.............

मुख्यमंत्री ने जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान लगाये गये शिविर का जायज़ा लियां इसके बाद मुख्यमंत्री बानसूर पहुंचें उन्होंने गिरूड़ी में चल रहे शिविर का निरीक्षण किया और जनसभा को संबोधित कियां

उधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि पांच साल बनाम डेढ़ साल की तुलना का मुद्दा बेबुनियाद हैं

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज राजस्थान सहित गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ में अत्यधिक बारिश को लेकर इन राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात कीं श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रभावित राज्यों में पर्याप्त संख्या में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टीमें भेजी जाएंगीं उन्होंने इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दियां

000

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से जल स्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक लगातार बनी हुई हैं हालांकि कई जिलों में भारी बारिश से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो रहा हैं बीते 24 घंटों में जालौर, झुंझुनूं, डूंगरपुर, टोंक और राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी बरसात दर्ज की गईं जैसलमेर के पोकरण में सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर पानी बरसां इस बीच, मौसम विभाग ने आज कोटा और उदयपुर में कुछ जगह भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई हैं इसके साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं कोटा, अजमेर, उदयपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग में अगले तीन–चार दिनों तक बारिश की गतिविधियां बनी रहने के आसार हैं

000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिएं श्री पटेल ने कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें इसके लिए उन्होंने विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए पहल करने के निर्देश दियें

श्री पटेल ने जोधपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं के भूखंडों की लॉटरी भी निकालीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गईं उन्होंने कहा कि किसी भी शहर के लिए नई योजनाएं चलाना और सुविधाओं में बढोतरी करना जरूरी हैं

000

सहकारिता विभाग सहकारी समितियों के काम को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए नये को–ऑपरेटिव कोड पर काम कर रहा हैं सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि इससे समितियों का कामकाज प्रभावी हो सकेगां

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आज जयपुर में एक बैठक में मतदान केन्द्रों को स्थिति और मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा कीं वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं की सुविधाओं को देखते हुए मतदान केन्द्रों का निर्धारण किया जाएं मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि खाली पदों पर बीएलओ की जल्द नियुक्ति की जाए और संभावित नए मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की जाएं उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन से संबंधित जानकारी के प्रचार–प्रसार के लिए सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के निर्देश भी दियें

000

सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि देश में अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र–ब्लैक स्पॉट की पहचान और विश्लेषण की तत्काल आवश्यकता हैं इससे दुर्घटना के कारणों को समझ कर इनकी रोकथाम के उपाय किये जा सकें आज नई दिल्ली में सडक सुरक्षा और नवाचार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टम्टा ने सभी हितधारकों और शिक्षाविदों को सड़कों को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित कियां उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सडक दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कमी लाना सरकार की प्राथमिकता हैं

000

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि केन्द्र सरकार अगले साल के हज आवेदन एक सप्ताह के अंदर स्वीकार करना शुरू कर देगीं श्री रिजिजू ने आज नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक कीं इसके बाद उन्होंने सभी आवेदकों से समय सीमा के भीतर हज के लिए फॉर्म जमा कराने का आग्रह कियां

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 के ट्रॉफियों का अनावरण कियां इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि खेलों से अनुशासन, दृढ़ निश्चय और टीम भावना का विकास होता हैं उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, धर्मों, देशों को एकजुट करने की अनोखी क्षमता होती हैं उन्होंने कहा कि देश में फुटबॉल के लाखों प्रेमी हैं और यह केवल खेल नहीं एक जुनून हैं

.............

राष्ट्रपति ने डूरंड कप को चलाते रहने और उसे आगे बढ़ाने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना कीं ये टूर्नामेंट 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में आठ स्थानों पर आयोजित किया जाएगां

000

जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के शो–जस–2025 की आज से जयपुर में शुरूआत हुईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीन दिन के इस शो का उद्घान कियां इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर रत्न व्यवसाय का ग्लोबल मंच बन चुका है और लाखों लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा हैं उन्होंने कहा कि रत्न और आभूषण उद्योग राजस्थान की विरासत और कलात्मकता का प्रतीक हैं

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के तहत सांगानेर में चल रहे राज्य महिला सदन में आज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गयां इसमें 11 आवासनियों का विवाह कराया गयां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इसमें शिरकत कीं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उनकी सरकार की सामाजिक समावेशन और महिला सशक्तिकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कीं श्री शर्मा ने हाल ही में डीजीपी का कार्यभार संभाला हैं उसके बाद ये उनकी राज्यपाल से पहली भेंट थीं

000